# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 03.12.2023

**थाना कोतवाली शामली**

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 540 रूपये बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 18.11.2023 को श्री धर्मेन्द्र पुत्र स्व0 रणवीर सिंह निवासी गांधीनगर खेड़ी रोड गन्नौर सोनीपत हरियाणा की ईको कार नम्बर HR42E5189 को अज्ञात तीन व्यक्तियो द्वारा सिन्धु बॉर्डर दिल्ली से शामली आने के लिए बुक की थी। ईको कार में सवार तीनों व्यक्ति धर्मेन्द्र उपरोक्त से ग्राम बरला जट के जंगल में ईको कार, मोबाइल तथा 2500/- रुपये छीनकर भाग गये। सूचना पर शामली पुलिस मौके पर पहुँची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए घटनास्थल से जाने वाले सभी रास्तो की नाकेबन्दी कर चैकिंग प्रारम्भ की गई। घटना के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु तीन टीमों का गठन किया गया था तथा शामली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से घटना का सफल अनावरण किया गया। जिसमें दोनों मुख्य अभियुक्तगण सतीश जोगी व आनन्द को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट के मामले में वांछित 01 लूटेरे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके कब्जे से एक तमंचा 02 जिंदा कारतूस व 540 रूपये बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आकाश पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस।

2.नगद 540 रूपये।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त आकाश उपरोक्तः**

1 मु0अ0सं0 178/23 धारा 272/273 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली जनपद शामली।

2 मु0अ0सं0 554/20 धारा 8/20 एनडीपीएस कोतवाली शामली जनपद शामली।

3. मु0अ0सं0 557/23 धारा 392/411/120बी भादवि थाना कोतवाली जनपद शामली।

4. मु0अ0सं0 438/22 धारा 398/401/414 भादवि थाना झिंझाना जनपद शामली।

5. मु0अ0सं0 303/15 धारा 356/379 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।

6. मु0अ0सं0 326/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

7. मु0अ0सं0 413/15 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. व0उ0नि0 श्री कृष्णपाल सिंह थाना कोतवाली जनपद शामली।

2. है0का0 सोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शामली।



**थाना आदर्शमण्डी**

**थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लाईसेंसी हथियार से फायरिंग करने का वीडियो वायरल करने के मामले में 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से लाईसेंसी डबल बैरल गन 12 बोर बरामद:-**

ज्ञात हो कि दिनांक 02.12.2023 को थाना आदर्शमंडी क्षेत्रान्तर्गत सोशल मीडिया पर एक युवक का फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक आदर्शमण्डी को तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोगं पजीकृत किये गये जाने के निर्देश दिये गये थे।

इसी क्रम में आज दिनाकं 03.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लाईसेंसी हथियार से फायरिंग करने के मामले में 02 अभियुक्तों को डबल बैरल गन 12 बोर (लाईसेंसी) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.रोहित पुत्र अशोक निवासी मौहल्ला पंजाबी कालोनी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.घनश्याम पुत्र प्रीतम सिंह निवासी माजरा रोड निकट भिक्की मोड़ थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरण:-**

1.डबल बैरल गन 12 बोर (लाईसेंसी)।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री शाह आलम थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।

2.का0 अवधेश कुमार थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।

## थाना कैराना

**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकिल बरामदः-**

दिनांक 02.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग के दौरान 01 वाहन चोर को चोरी की 01 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा मोटरसाईकिल को हरियाणा से चोरी किया गया है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. पंकज पुत्र राजवीर निवासी ग्राम मंजूरा थाना निस्सिंग जनपद करनाल ( हरियाणा )।

**बरामदगी का विवरणः-**

चोरी की हुयी एक मोटरसाईकिल हीरो होंडा HF Deluxe रंग काला रजि0नं0 HR05AJ6452।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री संजय राणा कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 नितिन त्यागी थाना कैराना जनपद शामली।

3.का0 बबलू थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कांधला</u>**

**<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध अपमिश्रित, कच्ची शराब व यूरिया बरामदः-</u>**

आज दिनांक 03.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 10 लीटर अपमिश्रित शराब व 500 ग्राम यूरिया सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.शफीक पुत्र नसीब नि0 ग्राम सिसौला थाना भौराकला जनपद मुजफ्फरनगर।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 10 लीटर अपमिश्रित शराब।

2.यूरिया 500 ग्राम।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.व0उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

2.है0का0 नितीन चौहान थाना कांधला जनपद शामली।



**<u>थाना कैराना व थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त किये गिरफ्तारः-</u>**

दिनांक 02/03.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना व थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कैराना व थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1. ईश्वर पुत्र साधू निवासी ग्राम बुच्चाखेडी थाना कैराना जनपद शामली।

2. लाखन पुत्र देवी सिह निवासी ग्राम गोहरनी थाना आदर्शमन्डी जनपद शामली।